हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 211 देहरादून, मंगलवार, 13 फरवरी 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 16




मंत्री धन सिंह रावत ने थलीसैंण क्षेत्र को दी करोड़ों रूपये की योजनाओं की सौगात 3

# हरिद्वार : सीएम धामी ने 1168 करोड़ की 158 योजनाओं का किया लोकार्पण, शिलान्यास

## ऋषिकुल मैदान में नारी शक्ति महोत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विशाल जनसभा को किया संबोधित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 13 फरवरी : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकुल मैदान हरिद्वार में नारी शक्ति महोत्सव कार्यक्रम में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने हरिद्वार जनपद के लिए 1168 करोड़ रूपये की लागत के 158 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वनभूलपुरा अतिक्रमण वाले स्थल पर पुलिस थाना बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने हरिद्वार के शहरी क्षेत्र की सम्पूर्ण सीवरेज व्यवस्था के सुदृढीकरण के लिए जर्मन बैंक की मदद से 523 करोड़ की स्वीकृत परियोजना, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था, पर्यटक स्थलों के विकास, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य कार्यों का आज शिलान्यास किया। इन योजनाओं से हरिपुरकलां, भूपतवाला, भीमगोडा, हरकी पैड़ी, मायापुर, कनखल, ऋषिकुल, ज्वालापुर, आवास विकास कॉलोनी, गोविन्दपुरी, जगजीतपुर सहित अन्य क्षेत्रों को सीवरेज सहित पेयजल, पार्किंग आदि की समस्या से निजात मिल सकेगी।



**देवपुरा चौक से ऋषिकुल मैदान तक आयोजित भव्य रोड शो में मुख्यमंत्री ने किया प्रतिभाग**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि किसी समाज या राज्य की रीढ़, उसकी सशक्त महिलाएं ही हैं, अगर किसी राज्य की नारी शक्ति प्रगति कर रही है तो उस राज्य का विकास सुनिश्चित है। उत्तराखण्ड राज्य के निर्माण में राज्य की महिलाओं का विशेष योगदान रहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए अनेक प्रयास हुए हैं। उत्तराखण्ड में भी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही 'मुख्यमंत्री नारी सशक्तिकरण योजना', मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना, मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना और पोषण अभियान जैसी योजनाएं प्रारंभ की गई हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों को उन्नत रूप से विकसित करते हुए भविष्य के नौनिहालों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के लिए ड्रीम प्रोजेक्ट तारा की शुरुआत करने के लिए हरिद्वार जिला प्रशासन की सराहना की। इस प्रोजेक्ट के अन्तर्गत 150 आंगनबाड़ी केन्द्रों को आधुनिक व तकनीकी रूप से समृद्ध बनाते हुए प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र में स्मार्ट टी०वी०, बच्चों के लिए फर्नीचर, खिलौने और आंगनबाडी कार्यकत्री को नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रणाली की बारीकी से ट्रेनिंग दी जा रही है। प्रोजेक्ट द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के 3000 बच्चों एवं 300 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सीधे लाभान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरिद्वार जिला प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री के "अमृतकाल की आंगनबाड़ी" के सपने को मूर्तरूप देने का प्रशंसनीय कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि सहकारिता के अन्तर्गत राज्य सरकार ने हरिद्वार में "मीठी गंगा" नामक एक और महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत भी की है, जिसमें स्थानीय महिलाओं द्वारा शहद उत्पादन एवं बिक्री का कार्य किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम महिलाओं को होम मेकर के साथ -साथ नेशन मेकर के रूप में देख रहे हैं, क्योंकि तभी हम सही अर्थों में राष्ट्र का विकास कर पाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक पुनरोत्थान के लिये निरंतर कार्य हो रहे हैं। अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य व दिव्य मंदिर का उद्घाटन, काशी विश्नाथ कॉरिडोर, महाकाल लोक कॉरिडोर सहित बाबा





केदार के पुनर्निर्माण कार्य और बद्रीनाथ धाम के मास्टर प्लान के कार्य इस बात का सबूत है, उन्होंने जो कहा वह किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हम हरिद्वार और ऋषिकेश कॉरिडोर का निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव तैयार कर रहे हैं, क्योंकि हम अयोध्या, काशी विश्वनाथ और महाकाल लोक कॉरिडोर की तरह ही हरकी पैड़ी कॉरिडोर को विश्व के मानचित्र पर एक अलग पहचान दिलाना चाहते हैं। उत्तराखंड में देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया गया है और अब समान नागरिक संहिता विधेयक विधानसभा से पास हो गया है। हमें 21वीं सदी के इस तीसरे दशक को महिला सशक्तिकरण को समर्पित दशक बनाना है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नारी शक्ति महोत्सव कार्यक्रम से पहले देवपुरा चौक से ऋषिकुल मैदान तक आयोजित भव्य रोड शो प्रतिभाग कर मातृ शक्ति और विशाल जन समूह का अभिनंदन स्वीकार किया। इस अवसर पर सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कल्पना सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष हरिद्वार राजेन्द्र चौधरी, भाजपा के जिलाध्यक्ष श्यमवीर सैनी, शोभाराम प्रजापति, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, देशराज कर्णवाल, जिलाधिकारी हरिद्वार धीराज गर्ब्याल, एस.एस.पी प्रमेन्द्र डोभाल, सीडीओ प्रतीक जैन उपस्थित थे।

# नरम पड़े ठंड के तेवर, धूप खिली तो बढ़ने लगा तापमान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 13 फरवरी : ठंड के तेवर अब नरम पड़ने लगे हैं। प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से चटख धूप खिल रही है। जिससे तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। दिन के वक्त ठंड से राहत है, लेकिन सुबह और रात को अब भी ठंड महसूस हो रही है। मौसम विभाग ने राज्य भर में बारिश बर्फबारी या अन्य किसी भी तरह की चेतावनी जारी नहीं की है। मौसम सामान्य रहने की उम्मीद है। फरवरी महीने की शुरुआत के दौरान राज्य भर में बारिश और बर्फबारी देखने को मिली थी, लेकिन अब आसमान साफ है।



लगातार तेज धूप के कारण राज्य के कई जिलों में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी रिकॉर्ड की गई है।देहरादून में अधिकतम तापमान के 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है। न्यूनतम तापमान भी 9 डिग्री सेल्सियस के लगभग रहेगा। मौसम विभाग की मानें तो मैदानी जिलों में सुबह और रात के वक्त हल्का कोहरा छाया रह सकता है, हालांकि इसका असर ज्यादा समय तक नहीं दिखाई देगा। प्रदेश में सोमवार से अगले चार दिन तक मौसम साफ रहेगा। चटख धूप खिलने से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। मौसम विज्ञान केंद्र ने 13 से 15 फरवरी तक प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की भविष्यवाणी की है। मैदानी क्षेत्रों में भी कोहरे में कमी दर्ज की जाएगी।

# वहीं बनेगा थाना जहां से हटाया अवैध अतिक्रमण : धामी



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 13 फ़रवरी , देश भर में सुर्खियां बन चुके बनभूलपुरा, हल्द्वानी में हुए हंगामे को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने एक बड़ा ऐलान किया है। सीएम धामी ने कहा है कि जिस जगह से अवैध अतिक्रमण हटाया गया वहां पर अब पुलिस थाने का निर्माण किया जाएगा। उपद्रवियों और दंगाइयों के लिए हमारी सरकार का यह स्पष्ट संदेश है कि देवभूमि की शांति से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा, ऐसे उपद्रियों के लिए उत्तराखण्ड में कोई स्थान नहीं है।

इसके पहले हल्द्वानी प्रकरण पर कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत , पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से उनके आवास पर मिल चुका है। इस प्रतिनिधि मंडल में हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, आदेश चौहान,फुरकान अहमद,रवि बहादुर,भुवन कापड़ी,ममता राकेश सहित मीडिया प्रभारी राजीव महर्षि,पूर्व विधायक राजकुमार,पूर्व महानगर अध्यक्ष लाल चंद शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे ।

प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मांग की की हल्द्वानी में जिस तरह की घटना घटी है उसमें पूरी तरह से अधिकारी दोषी है उनके उपर कार्यवाही होनी चाहिए साथ ही जो लोग दोषी हैं उनके खिलाफ भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। देखना होगा कि इस मामले में बेहद आक्रामक नज़र आ रहे सीएम धामी किस तरह के फैसले लेंगे लेकिन नए थाने को लेकर किये गए इस घोषणा ने इशारा दे दिया है कि कोई रहम नहीं दिखाई जाएगी।

# बसंत पंचमी पर शुभ मुहूर्त में करें मां सरस्वती की पूजा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 13 फरवरी , बसंत पंचमी माघ महीने के शुक्ल पक्ष की 5वीं तिथि को मनाई जाती है. पंचांग के अनुसार, इस साल माघ शुक्ल पंचमी तिथि 14 फरवरी, बुधवार को पड़ रही है. बसंत पंचमी के दिन विद्या और ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा का विधान है. पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन मां सरस्वती का जन्म हुआ था. कहा जाता है कि मां शारदे ब्रह्मा जी के मुख से प्रकट हुई थीं. साल 2024 में बसंत पंचमी कब है? इस दिन मां सरस्वती की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त क्या है? बसंत पंचमी का धार्मिक महत्व क्या है ?

दृक पंचांग के अनुसार, बसंत पंचमी तिथि की शुरुआत 13 फरवरी को दोपहर 2 बजकर 41 मिनट से होने वाली है. जबकि पंचमी तिथि की समाप्ति 14 फरवरी को दोपहर 12 बजकर 9 मिनट पर होगी. बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की पूजा दोपहर 12 बजे से पहले कर लेनी चाहिए.

**बसंत पंचमी का महत्व**

धार्मिक मान्यता के अनुसार, बसंत पंचमी के दिन ज्ञान, संगीत, कला, विज्ञान, विद्या और बुद्धि की देवी मां सरस्वती की पूजा की जाती है. शास्त्रों में बसंत पंचमी को 'श्री पंचमी' भी कहा गया है. इसके अलावा बसंत पंचमी को सरस्वती पूजा के नाम से भी जाना जाता है. बसंत पंचमी के दिन बच्चों का विद्या आरंभ संस्कार कराना बेहद शुभ और मंगलकारी माना गया है. ज्योतिष शास्त्र के जानकारों की मानें तो बसंत पंचमी के दिन किसी भी प्रकार का शुभ और मांगलिक कार्य किया जा सकता है. यही वजह है कि बसंत पंचमी की अबूझ मुहूर्त के नाम से भी जाना जाता है.

**मां सरस्वती कौन हैं?**

अक्सर लोगों के मन में सवाल उठता है कि आखिर मां सरस्वती कौन हैं? धर्म-शास्त्र और पौराणिक मान्यता के अनुसार, मां सरस्वती ब्रह्मा जी के मुंह से प्रकट हुईं. यही वजह है कि इन्हें कई ग्रंथों में ब्रह्मा जी की पुत्री कहा गया है. कहा जाता है कि ब्रह्मा जी ने जब सृष्टि की रचना की तो उसके बाद उनके तेज से मां सरस्वती प्रकट हुईं.





# ब्रेन स्ट्रोक : प्रकार, कारण, लक्षण, रोकथाम और उपचार

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 13 फरवरी , दुनिया भर में, ब्रेन स्ट्रोक मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण और विकलांगता का तीसरा प्रमुख कारण और मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण है। हालिया आंकड़ों के मुताबिक, भारत में हर मिनट 3 लोग ब्रेन स्ट्रोक से पीड़ित होते हैं। कुछ मामलों में, स्ट्रोक के चेतावनी संकेत स्पष्ट हो सकते हैं, लेकिन शरीर के अंदर जो चल रहा है वह अविश्वसनीय रूप से जटिल है। 80% स्ट्रोक को रोका जा सकता है। लेकिन एक बार जब आपको स्ट्रोक हो गया, तो दोबारा स्ट्रोक होने की संभावना अधिक हो जाती है। ब्रेन स्ट्रोक के बारे में नीचे अधिक जानकारी प्राप्त करें।






**ब्रेन स्ट्रोक क्या है?**

ब्रेन स्ट्रोक तब होता है जब मस्तिष्क में रक्त संचार में रुकावट आ जाती है या जब मस्तिष्क में कोई रक्त वाहिका टूट जाती है और रिसाव होने लगता है। फटना या रुकावट रक्त और ऑक्सीजन को मस्तिष्क के ऊतकों तक पहुंचने से रोकती है। ऑक्सीजन के बिना मस्तिष्क में ऊतक और कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं और कुछ ही समय में मर जाती हैं जिससे कई लक्षण उत्पन्न होते हैं।

एक बार जब मस्तिष्क कोशिकाएं मर जाती हैं, तो वे आम तौर पर पुनर्जीवित नहीं होती हैं और विनाशकारी क्षति हो सकती है, जिसके परिणामस्वरूप कभी-कभी शारीरिक, संज्ञानात्मक और मानसिक विकलांगता हो सकती है। यह महत्वपूर्ण है कि मस्तिष्क में उचित रक्त प्रवाह और ऑक्सीजन को जल्द से जल्द बहाल किया जाए।

**ब्रेन स्ट्रोक मुख्यतः दो प्रकार का होता है**

इस्केमिक स्ट्रोकः यह सबसे आम प्रकार है और 80% मस्तिष्क स्ट्रोक में योगदान देता है

रक्तस्रावी स्ट्रोकः यह मस्तिष्क स्ट्रोक के 20% मामलों में योगदान देता है

इस्केमिक स्ट्रोक या तो थ्रोम्बोटिक या एम्बोलिक हो सकता है


थ्रोम्बोटिक स्ट्रोक इस्केमिक स्ट्रोक का सबसे आम प्रकार है। एथेरोस्क्लेरोसिस (कोलेस्ट्रॉल युक्त जमा जिसे प्लाक कहा जाता है) के परिणामस्वरूप मस्तिष्क में एक रोगग्रस्त या क्षतिग्रस्त धमनी के अंदर रक्त का थक्का बन जाता है, जिससे रक्त का प्रवाह अवरुद्ध हो जाता है। एम्बोलिक स्ट्रोक तब होता है जब मस्तिष्क या हृदय तक जाने वाली धमनियों में से एक में बना एक थक्का या प्लाक का छोटा टुकड़ा, रक्त प्रवाह के माध्यम से धकेल दिया जाता है और संकीर्ण मस्तिष्क धमनियों में जमा हो जाता है। वाहिका अवरुद्ध होने के कारण मस्तिष्क से रक्त की आपूर्ति बंद हो जाती है।

रक्तस्रावी स्ट्रोक इंट्रासेरेब्रल रक्तस्राव या सबराचोनोइड रक्तस्राव के कारण हो सकता है। इंट्रासेरेब्रल रक्तस्राव वह रक्तस्राव है जो मस्तिष्क के ऊतकों के भीतर होता है, इसका सबसे आम कारण दीर्घकालिक उच्च रक्तचाप के कारण धमनियों में परिवर्तन होता है। सबराचोनोइड रक्तस्राव वह रक्तस्राव है जो मस्तिष्क और खोपड़ी की सतह के बीच होता है। सामान्य कारण सेरेब्रल एन्यूरिज्म या धमनीशिरापरक विकृति (एवीएम) हैं।

# माउंट एवरेस्ट पर पॉटी की तो पैकिंग भी करनी पड़ेगी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रिपोर्ट , 13 फरवरी , दुनिया का सबसे ऊंचा पर्वत है माउंट एवरेस्ट. जिसकी ऊंचाई 8848 मीटर है. यानी कि लगभग 29031 फीट. माउंट एवरेस्ट पर्यटन के हिसाब से भी एक काफी महत्वपूर्ण जगह है. यहां हर साल करीब 35000 लोग घूमने आते हैं. जिनमें कई लोग ट्रैकिंग करने भी आते हैं. सालाना हजार के करीब लोग माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने की कोशिश करते हैं. हर साल यहां इतने लोग माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने की कोशिश करते हैं. तो वह पीछे गंदगी छोड़ जाते हैं. इसी को देखते हुए माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वालों के लिए एक नया फरमान जारी हुआ है. जिसे जानने के बाद आप हैरान रह जाएंगे.




**माउंट एवरेस्ट पर जाने वालों को सख्त आदेश**

हर साल माउंट एवरेस्ट पर काफी लोग जाते हैं. और साल दर साल यह आंकड़ा हजारों को छू जाता है. माउंट एवरेस्ट चढ़ने वाले पर्वतारोही अपने सफ़र के दौरान अपना मल पहाड़ पर ही छोड़ देते हैं. और तापमान के चलते वह उसी अवस्था में पड़ा रहता है. जिससे काफी गंदगी हो जाती है. बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार पसांग ल्हामू ग्रामीण नगर पालिका ने यह आदेश जारी किया है कि माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वालों को अब वहां से बैग में रखकर अपना मल वापस नीचे लाना होगा.

सुनने में यह फैसला थोड़ा अजीब जरूर लगेगा. लेकिन ग्रामीण नगर पालिका ने इसके पीछे वजह बताई है. पदाधिकारियों का कहना है कि माउंट एवरेस्ट पर काफी लोगों को मल इकट्ठा हो रहा है. जिससे वहां बदबू फैलती है और वातावरण खराब होता है. इसी को देखते हुए फैसला लिया गया है. अब नीचे बेस कैंप से ही पर्वतारोहियों को एक बैग खरीदना होगा. जिसमें वह अपना माल वापस ला सकेंगे. लौटने पर इस बैग की जांच भी की जाएगी.



सोशल मीडिया पर जब इस बात की खबर फैली. तो लोगों की भी इस पर प्रतिक्रियाएं आने लगीं. एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा 'अच्छा डिसीजन है अब एडवेंचर के शौकीनों में कमी आयेगी,वर्ना मुंह उठा के चल देते थे एवरेस्ट पर.' एक और यूजर ने कमेंट किया 'कल ही एडमिशन लिया था पर्वतारोही कैंप में आज नाम कटा दिया बच गया मैं.' एक और यूज़र ने मजेदार कमेंट करते हुए लिखा 'हगीस पहन कर जाओ'. एक यूजर में फैसले को सही बताते हुए कमेंट किया 'कुछ लोगों को अजीब लग रहा होगा पर यह सही फैसला है.'

# मंत्री धन सिंह रावत ने थलीसैंण क्षेत्र को दी करोड़ों रूपये की योजनाओं की सौगात

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी 13 फरवरी : प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, सहकारिता, उच्च शिक्षा, विद्यालयी शिक्षा, एवं संस्कृत शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने विकासखण्ड थलीसैंण प्रांगण में आयोजित बहुद्देशीय शिविर में प्रतिभाग के दौरान क्षेत्र की जनता को लगभग 2 करोड़ की योजनाओं की सौगात दी।जिसमे 1 करोड़ 64 लाख की 11 योजनाओं का शिलान्यास व 34 लाख 69 हजार लागत की तीन योजनाओं का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने एक दर्जन से अधिक विभागों द्वारा योजनाओं के प्रदर्शन व प्रचार-प्रसार हेतु लगाई गई विभागीय स्टॉलो का निरीक्षण किया।कैबिनेट मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय जनता को संबोधित करते हुए कहा कि थलीसैंण क्षेत्र में 32 करोड़ की लागत से उप-जिला चिकित्सालय का निर्माण कार्य व 32 करोड रुपए की लागत से क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी।







उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजना के लाभ से वंचित न रहे, इस हेतु अधिकारी सक्रिय और समर्पण भाव से कार्य करें।स्वास्थ्य मंत्री ने शिविर में स्थानीय जनता की समस्याओं को सुना क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना की शिकायतों को लेकर मंत्री ने बीडीओ को निर्देश दिए कि ग्राम सभा की खुली बैठकों का आयोजन करवाकर पीएमएवाई के पात्र लाभार्थियों की सूची प्रस्तावित करें। वहीं लोनिवि, पेयजल व विद्युत सम्बन्धी शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

मंत्री ने बहुउद्देशीय शिविर में 16 सहकारिता के लाभार्थियों को एक-एक लाख रूपये के चैक, 06 लाभार्थियों को उज्ज्वला गैस कनेक्शन व 64 विद्यालयों को कंप्यूटर वितरित किये। साथ ही उन्होंने थलीसैंण ब्लाक स्तर पर सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले शिवानी व कुसुम को सम्मानित किया। सरस्वती विद्या मंदिर थलीसैंण की शिवानी ने 10वीं कक्षा में 93.6 प्रतिशत अंक हासिल व राजकीय इंटर कॉलेज थलीसैंण की कुसुम ने 12वीं कक्षा में 87.6 प्रतिशत अंक हासिल किया था।शिविर में वन विभाग, पूर्ति विभाग, उद्यान विभाग, कृषि, पर्यटन, पशुपालन, बाल विकास, उद्योग, राजस्व, समाज कल्याण, सहकारिता, स्वास्थ्य, आजीविका, पुलिस व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी। शिविर में वन विभाग, पूर्ति विभाग, उद्यान विभाग, कृषि, पर्यटन, पशुपालन, बाल विकास, उद्योग, राजस्व, समाज कल्याण, सहकारिता, स्वास्थ्य, आजीविका, पुलिस व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी।

# डीएम ने ली कलेक्ट्रेट में स्वीप के तहत बैठक

देहरादून। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिका ने ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में स्वीप के तहत बैठक लेते हुए आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढाये जाने हेतु बूथ स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त तहसील स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को अपने तहसील अन्तर्गत कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों को चिन्हित करते हुए मतदान प्रतिशत कम रहने का कारण तथा मतदान प्रतिशत बढाने हेतु स्वीप एक्टिविटी कराते हुए मतदान हेतु लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे क्षेत्रों मे क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोगों से बात करते हुए उनके माध्यम से लोगों को जागरूक करें। उन्होंने नगर निगम, नगर निकाय क्षेत्रों में वॉल पेन्टिंग करते हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के साथ मतदान हेतु प्रेरित करने वाले स्लोगन, वॉल पेन्टिंग आदि बनवाने के निर्देश दिए। साथ ही स्मार्ट सिटी के वीएमडी पर मतदाता जागरूकता संदेश प्रसारित करें। उन्होंने बूथ स्तर पर जागरूकता गुरप सक्रिय करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, अपर मुख्य नगर अधिकारी नगर निगम बीर सिंह बुधियाल, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिहं, उप जिलाधिकारी सदर हरगिरी गोस्वामी, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेन्द्र विराटिया, मुख्य कृषि अधिकारी लतिका सिंह, एडीएसओ विवेक शाह, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट सहित एमडीडीएए विद्युत अदि सम्बन्धित विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# कार की चपेट में आकर युवक की मौत

ऋषिकेश। लालतप्पड़ में नेशनल हाईवे को पार कर रहे एक युवक को कार ने कुचल दिया। गंभीर चोटें लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं, लालतप्पड़ में ही एक और हादसे में बाइक सवार घायल हो गया।कोतवाली पुलिस के मुताबिक लालतप्पड़ में हरिद्वार-देहरादून नेशनल हाईवे को 45 वर्षीय रमेश निवासी बालकुंवारी, डोईवाला पार कर रहा था। इसी बीच तेज रफ्तार कार ने उसे चपेट में लेकर कुचल दिया। पुलिस ने रमेश को आपातकालीन 108 सेवा से अस्पताल पहुंचाया, लेकिन पहले ही उसकी मौत हो गई थी। दूसरा हादसा डेंटल कॉलेज के पास हुआ। यहां गलत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। घायल अवस्था में स्थानीय लोगों ने संदीप सकलानी निवासी प्रेमनगर, डोईवाला को अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाल विनोद गुसाईं ने बताया कि फिलहाल शिकायत नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर दोनों मामलों में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# राफ्टिंग वाहनों से नहीं लगेगा जाम

ऋषिकेश। मुनिकीरेती में नगर पालिका प्रशासन राफ्ट वाहनों के लिए नई पार्किंग बना रहा है। यह पार्किंग सिर्फ राफ्ट वाहनों के लिए ही आरक्षित होगी। इसमें मामूली शुल्क में वाहनों को पार्क करने की सुविधा होगी। पार्किंग बनने से मुनिकीरेती क्षेत्र में लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।हर साल देशभर से राफ्टिंग के लिए बड़ी तादाद में पर्यटक मुनिकीरेती पहुंचते हैं। अभी खारास्रोत स्थित बरसाती नदी में राफ्ट वाहनों के लिए अस्थायी पार्किंग बनी है। यहीं से पर्यटकों को लेकर वाहन मुनिकीरेती में मुख्य मार्ग से कौडियाला-शिवपुरी को रवाना होते हैं। व्यस्ततम मार्ग होने के चलते कई दफा राफ्ट वाहनों से जाम की स्थिति पैदा होती है। लिहाजा, लोगों को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए पालिका प्रशासन ने कवायद शुरू की है। तपोवन बाईपास पर ट्रंचिंग ग्राउंड के पास 25 वाहनों की क्षमता वाली पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है। फिलहाल पार्किंग निर्माण स्थल से कूड़े को हटाया जा रहा है। मार्च में काम पूरी होते ही अप्रैल से राफ्ट वाहन यहीं से संचालित होकर तपोवन बाईपास से होते हुए कौडियाला-शिवपुरी जाएंगे। पर्यटकों के वाहनों की पार्किंग भी ठीक सामने खारास्रोत पार्किंग में होगी।

मैकेनिकल पार्किंग भी प्रस्तावित : रामझूला पुल के नजदीक नगरपालिका ने मैकेनिकल पार्किंग का भी प्रस्ताव तैयार किया है। करीब 90 लाख रुपये से बनने वाली इस पार्किंग में 40 वाहनों को खड़ा करने की क्षमता होगी। खास बात यह है कि बेहद कम जगह में यह वाहन आधुनिक मशीनों के जरिये पार्क किए जाएंगे।

# केंद्रीय मंत्री केपी गुर्जर ने युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून :13 फरवरी , देहरादून के सीमद्वार स्थित भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल ( आईटीबीपी ) सीमाद्वार में रोज़गार मेला 2024 का आयोजना किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रहे भारत सरकार के केन्द्रीय राज्य मंत्री, विधुत एवं भारी उधोग मंत्रालय कृष्ण पाल गुर्जर। विभिन्न राज्यों एवं केन्द्र शासित राज्यों के 46 केन्द्रों पर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य के साथ रोजगार मेलों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गुर्जर ने विभिन केंद्रीय सेवाओं में चयनित 113 से अधिक युवाओं को नियुक्तिपत्र सौंपे। अपने संबोधन में गुर्जर ने कहा कि केन्द्र सरकार का लक्ष्य है कि लोकसभा चुनाव से पहले देश भर के 10 लाख युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि चयनित युवाओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा और उसके बाद उनकी तैनाती की जायेगी।

इन विभागों में हुआ चयन





भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल , सीमा सुरक्षा बल , केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल , केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल , सशस्त्र सीमा बल , असम राइफल्स, राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी , भारतीय खाद्य विभाग , राजस्व , स्वास्थ्य , श्रमिक , रक्षा , दिल्ली पुलिस , फायनेंस एवं डाक सेवा विभाग।

इससे पहले प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को उनकी नियुक्ति पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। कार्यक्रम के अंत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नवनियुक्त युवाओं ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयास से आज युवा विकसित भारत के संकल्प को प्राप्त करने के लिए प्रेरित हो रहा है।

इस अवसर पर संजय गुंज्याल, भारतीय पुलिस सेवा , महानिरीक्षक , उत्तरी सीमांत , रमाकांत शर्मा , उप महानिरीक्षक , उत्तरी सीमांत , आर.एस. राणा , उप महानिरीक्षक , उत्तरी सीमांत , पवन मलिक , उप महानिरीक्षक , उत्तरी सीमांत , भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल देहरादून , मनु महाराज , भारतीय पुलिस सेवा , उप महानिरीक्षक, देहरादून पीयूष पुष्कर, सेनानी, 23 वीं वाहिनी एवं नव नियुक्त युवा उपस्थित थे ।

# उत्तराखंड में घुसते ही देना पड़ेगा ग्रीन टैक्स

- चार धाम यात्रा से पहले लगेगा ग्रीन टैक्स
- इन वाहनों को नहीं देना होगा ग्रीन टैक्स
- चारधाम से होगी टैक्स वसूलने की शुरुआत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 13 फरवरी , उत्तराखंड सरकार अब बाहरी राज्यों से प्रदेश में आने वाले वाहनों पर ग्रीन टैक्स वसूलेगी । नोटिफिकेशन में कहा गया है कि यह टैक्स फास्टैग के जरिए टोल प्लाजा पर कलेक्ट किया जाएगा। टैक्स की राशि 20 रुपये से लेकर 80 रुपये तक निर्धारित की गई है। हालांकि, राज्य सरकार ने कुछ वाहनों को इस टैक्स से राहत भी दी है।

ट्रांसपोर्ट सचिव अरविंद सिंह ने कहा कि यह नोटिफिकेशन बीते शुक्रवार से प्रभाव में आ गई है। लेकिन, राज्य में आने वाले वाहनों से ग्रीन टैक्स वसूलने की प्रक्रिया शुरू करने में अभी कुछ समय लगेगा। पहले हमारे पास एंट्री प्वाइंट्स पर चेकपोस्ट थे। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से ये चेकपोस्ट बंद हैं। मैन्युअल तरीके से टैक्स जमा करना पर्यटकों के लिए असुविधाजनक रहता है इसलिए अब ग्रीन टैक्स फास्टैग के जरिए लिया जाएगा।






ग्रीन टैक्स को लेकर उत्तराखंड सरकार ने अलग-अलग वाहनों के लिए अलग-अलग राशि तय की है। इसके अलावा कुछ वाहनों को इससे राहत भी दी गई है। नोटिफिकेशन के अनुसार अगर आप ऐसी गाड़ी से उत्तराखंड जाते हैं जो इलेक्ट्रिक है या सीएनजी फ्यूल से चलती है तो आपको ग्रीन टैक्स नहीं देना होगा। इसके अलावा दोपहिया, सरकारी, दमकल एंबुलेंस, सैन्य और किसानी में काम आने वाले वाहनों को भी इस टैक्स से राहत रहेगी।

इस योजना को लागू करने की टाइमलाइन को लेकर अरविंद सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के साथ बातचीत में उल्लेखनीय प्रगति आई है। टैक्स कलेक्शन की शुरुआत चार धाम यात्रा की शुरुआत से पहले हो जाएगी। ट्रांसपोर्ट विभाग के मुताबिक तिपहिया वाहनों से 20 रुपये और चारपहिया वाहनों से 40 रुपये टैक्स लिया जाएगा। वहीं, मीडियम और हैवी मोटर वाहनों को क्रमशः 60 और 80 रुपये का ग्रीन टैक्स चुकाना होगा।

# वैलेंटाइन डे से पहले यहाँ हुआ लठ पूजन का आयोजन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 13 फ़रवरी , क्रांति सेना ने वैलेंटाइन डे का विरोध जताते हुए मुजफ्फरनगर में सेना के कार्यकर्ताओं ने लठ पूजन का आयोजन किया। क्रांति सेना के पदाधिकारियों के अनुसार वैलेंटाइन डे के बहाने कुछ लोग सड़क पर लड़कियों के साथ छेड़छाड़ करते हैं। वह वैलेंटाइन पर ऐसे आवारागर्दों पर नजर रखेंगे। इसके अलावा वैलेंटाइन के आड़ में कुछ युवक कथित लव जिहाद को फैलाने का काम करते हैं, सेना ऐसे लोगों के विरोध में है।


क्रांति सेना ने अपने मुजफ्फरनगर कार्यालय पर पूजा का आयोजन किया। इस दौरान सेना से जुड़ी महिला कार्यकर्ता भी मौजूद रहीं। वहीं, उत्तर प्रदेश पुलिस ने वैलेंटाइन डे को राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। किसी भी संगठन को कानून अपने हाथ में न लेने और पुलिस के साथ सहयोग करने को कहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अलग-अलग राज्यों के मॉल, प्रमुख मार्केट और रेस्टोरेंट के आसपास अतिरिक्त पुलिसकर्मी लगाए जाएंगे।

क्रांति सेना ने प्रदेश के सभी होटल और रेस्टोरेंट मालिकों से अपील की है कि वह अपने यहां ऐसे आवारागर्दों पर नजर रखे जो वैलेंटाइन डे पर लड़कियों के साथ बदतमीजी करते हैं। सेना के अनुसार होटल संचालकों को कहा गया है कि वैलेंटाइन डे पर वह अपने यहां किसी भी तरह की अश्लील हरकत न होने दें। सेना के अनुसार वह युवा लड़के-लड़कियों को इस बारे में जागरूक कर रहे हैं। वह उनसे भी अपील करते हैं कि वह किसी भी बहाने से सड़कों पर अश्लील हरकत करने से बचें।

# रुद्रप्रयाग के अनिल की चमकी किस्मत, Dream11 में जीते 1 करोड़ रुपये

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



रुद्रप्रयाग 13 फरवरी : अनिल सिंह बिष्ट मूल रूप से रुद्रप्रयाग जिले के रहने वले हैं, रुद्रप्रयाग में उनके गांव का नाम पाली है। अनिल सिंह बिष्ट पेट्रोल पंप पर काम करते हैं। Dream11 अब तक कितने ही लोगों को करोड़पति बना चुकी है। इस क्रिकेट फैंटेसी लीग ड्रीम 11 पर दिन भर में लाखों लोग किस्मत आजमाते हैं उनमे से कई लोग रुपए गंवाते हैं परन्तु कुछ लोग ऐसे भी हैं जिनकी क़िस्मत क्रिकेट फैंटेसी लीग में चमक उठती है। रुद्रप्रयाग के अनिल भी ऐसे ही किस्मत के धनी व्यक्ति हैं जिन्होंने ड्रीम 11 में अपनी टीम बनाकर रातों-रात करोड़पति बनने का सपना साकार कर दिया है।

मूल रूप से उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले के अनिल सिंह बिष्ट ने यूएई टी 20 मैच में अपनी टीम बनायीं थी। उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि उनकी एक टीम 1 करोड़ रुपए की धनराशि जीत लेगी। खबर पूरे क्षेत्र में चर्चाओं का केंद्र बनी हुई है। रुद्रप्रयाग जिले के पाली गांव के अनिल सिंह बिष्ट शहीद वर्तमान में रुद्रप्रयाग में भगवान सिंह पेट्रोल पंप पर काम करते है। 2019 से ड्रीम 11 पर अपनी टीम बना रहे है। लाखों रुपये लगाये पर पर अभी तक सफलता का स्वाद नहीं चख पाए थे।

मीडिया को अनिल ने बताया कि वे अब तक 9846 कॉन्टेस्ट खेल चुके है जिसमे वो 3 लाख 50 हजार रुपए की एंट्री फीस लगा कर गवां भी चुके है। अब जाकर उनका सपना साकार हुआ है और यूएई की टी 20 लीग के मैच में उन्हें शानदार एक करोड़ रूपये की सफलता मिली है। मैच के दौरान उनकी बनाई टीम को 744 अंक लेकर पहले स्थान रही। उन्हें टैक्स काटकर 70 लाख रुपए की धनराशि क्रेडिट की जाएगी।

## उपनल कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार से मरीज रहे परेशान

विकासनगर। उपनल संविदा कर्मियों के कार्य बहिष्कार के कारण उप जिला चिकित्सालय विकासनगर समेत जौनसार बावर के अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई। सोमवार को उपनल कर्मियों ने अस्पताल में अपनी ड्यूटी पर जाने के बजाए विधान सभा घेराव के लिए देहरादून कूच किया। विकासनगर समेत जौनसार के अस्पतालों में तैनात 39 स्वास्थ्य कर्मियों के कार्य बहिष्कार का खामियाजा अस्पतालों में उपचार के लिए आए मरीजों को भुगतना पड़ा। उप जिला चिकित्सालय में कुल 23 कर्मी उपनल के माध्यम से तैनात हैं। ओपीडी से लेकर इंडोर वार्ड, प्रसूति विभाग, ओटी समेत आपातकालीन वाहन सेवा का संचालन इन्हीं कर्मियों की जिम्मे है। कर्मियों के कार्य बहिष्कार के चलते मरहम पट्टी करने के लिए स्टाफ नर्स और फार्मासिस्ट का सहारा लेना पड़ा। इसके साथ ही ओटी, प्रसूति विभाग में मरीजों व तीमारदारों को परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि मरीजों की सहूलियत को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने ओटी व प्रसूति विभाग में नियमित कर्मियों को अतिरिक्त समय तक ड्यूटी देने के निर्देश दिए। बावजूद इसके मरीजों के साथ ही चिकित्सकों को भी परेशानी से दो चार होना पड़ा। इसके साथ ही इंडोर वार्ड में मरीजों की देखभाल व दवा वितरण तीमारदारों ने खुद की।

## भोजनमाताओं को तीन माह से नहीं मिला मानदेय

विकासनगर। सहसपुर ब्लॉक के विद्यालयों में तैनात भोजनमाताओं को तीन माह से मानदेय नहीं मिलने के कारण उनमें आक्रोश है। सोमवार को भोजनमाता संगठन की बैठक में जल्द मानदेय आहरित नहीं किए जाने पर कार्य बहिष्कार का चेतावनी दी गई।

## किसानों का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

विकासनगर। भारतीय किसान संघ की बैठक सोमवार को रुद्रपुर चौक स्थित जय श्री किसान स्वायत्त सहकारिता भवन में संपन्न हुई। बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा करने के साथ ही छोटे और मझौले किसानों के प्रति ढुलमुल रवैया अख्तियार करने का आरोप लगाते हुए सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए प्रदर्शन किया। किसानों को शांत करने के बाद कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक ने फसलों में लगने वाले रोग और उनसे बचाव की जानकारी दी।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे जगदीश्वर चौहान ने कहा कि छोट और मझौले किसानों की समस्याओं के प्रति सरकार का रवैया ढुलमुल है। अधिकांश योजनाएं बड़े किसानों के लिए ही तैयार की गई हैं। पर्वतीय क्षेत्रों के छोटे किसान, बागवान सरकार की लाभकारी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को समय पर बीज, खाद उपलब्ध नहीं होता है।

## सलियावाला और फुलसनी को जाने वाली सड़क की होगी मरम्मत

विकासनगर। सहसपुर विधानसभा के दो दूरस्थ गांवों के बाशिंदों को जल्द ही बेहतर आवागमन की सुविधा मिलने की उम्मीद जगी है। इन दोनों गांवों में एक करोड़ से अधिक की लागत से सड़कें चकाचक होंगी। सोमवार को विधायक सहदेव पुंडीर ने भूमि पूजन कर दोनों सड़कों का निर्माण कार्य शुरू कराया। सहसपुर क्षेत्र अंतर्गत सलियावाला-आमवाला-धौलास मार्ग के सुधारीकरण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। दूरस्थ ग्रामीण मार्ग होने के कारण इस ओर संबंधित विभाग भी ध्यान नहीं दे रहा था। मात्र एक किमी लंबे इस मार्ग पर तीन सौ से अधिक गड्ढे पड़े हुए थे। जबकि कई जगहों पर मार्ग धंसने के कारण संकरा हो गया है। ऐसे में ग्रामीणों को आवागमन में बेहद दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने मार्ग सुधारीकरण के लिए 36 लाख रुपये स्वीकृत कराए। जबकि दूसरे दूरस्थ गांव में फुलसनी के डेढ़ किमी लंबे मार्ग के सुधारीकरण के लिए 96 लाख की धनराशि स्वीकृत हुई है। इस मार्ग पर सुधारीकरण के साथ ही सुरक्षा के कार्य भी कराए जाएंगे। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक पुंडीर ने कहा कि प्रत्येक गांव तक सुलभ यातायात सुविधा मुहैया कराना सरकार की प्राथमिकता में शुमार है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जंगलात की सड़कों के निर्माण के लिए अनापत्ति ली जा रही है। बताया कि इन दोनों सड़कों का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग की ओर से कराया जा रहा है। इस दौरान फुलसनी के पूर्व प्रधान यशपाल चौहान, अजय जोशी, डीएस तोमर, राजेंद्र कुंवर, संदीप धीमान, ग्राम प्रधान हरियावाला रजनी देवी, पूर्व प्रधान अशोक नेगी, वीरेश थापली, शैलेश थापली, बीडीसी संदीप धनई, रंजीत सिंह, वीरेंद्र पुंडीर, उप प्रधान गंभीर खरोला, लखन सिंह थापा आदि मौजूद रहे।

# पीएम मोदी लेते हैं सिर्फ 3.5 घंटे की नींद, शाम 6 बजे के बाद नहीं खाते खाना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 13 फरवरी , आज के समय में दौड़ भाग की वहज से हम सभी अपनी सेहत का सही से ध्यान नहीं रख पाते हैं. ना तो हमारे पास खाना खाने का सही समय होता है और नहीं सही से नींद लेने का. ऐसे में हमे कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है. साथ ही कई लोग तो इन चीजों को हल्के में भी ले लेते हैं और वह किसी भी समय खाना खा लेते हैं और सही से सो भी नहीं पाते हैं।

लेकिन क्या आप जानते हैं ऐसा करना आपके शरीर के लिए कितना नुकसानदायक है? ऐसे में आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्लान को अपना सकते हैं, तो चलिए जानते हैं उनका शेड्यूल...

बेटाइम खाना खाना हमारे लिए काफी खतरनाक साबित हो सकता है. इससे हमे कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं. वहीं हाल ही में पीएम मोदी ने अपनी लाइफ से जुड़े कई खुलासे किए, जिन्हें आप भी फॉलो कर सकते हैं. दरअसल, संसद में बजट सत्र के आखिरी दिन से पहले शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी कुछ सांसद को दोपहर के भोजन के लिए उन्हें अपने साथ लेकर गए.

वहीं केंद्रीय मंत्री और सांसद एल मुरुगन ने इसे एक बहुत ही खास अवसर बताया. इस मौके पर पीएम मोदी ने अपनी दिनचर्या, अपने व्यायाम और अपनी विदेश यात्राओं के बारे में बात की. पीएम मोदी ने कहा कि वह '3.5 घंटे सोते हैं और शाम 6 बजे के बाद खाना नहीं खाते हैं.'



# सावधान आपका फोन रेडिएशन भी फैलाता है ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 13 फरवरी , क्या आप जानते हैं कि जिस फोन को आप हर दम खुद के साथ रखते हैं वही फोन रेडिएशन भी फैलाता है? अगर नहीं तो एक ऐसा तरीका भी है जिससे आप इस बात का बेहद ही आसानी से पता लगा सकते हैं कि आपका फोन कितना रेडिएशन फैला रहा है? स्मार्टफोन पर हम लोग इतने ज्यादा निर्भर हो गए हैं कि अब बिना स्मार्टफोन के जिंदगी अधूरी सी लगती है. किसी से फोन पर बात करनी हो, पेमेंट करना हो या फिर इंटरनेट पर कुछ सर्च करना हो, मोबाइल हर वक्त साये की तरह हमारे साथ रहता है. लेकिन बहुत फायदा पहुंचा रहा मोबाइल आपकी सेहत का सबसे बड़ा दुश्मन भी बन सकता है.



भारत में SAR वैल्यू की एक सीमा है, तय सीमा के मुताबिक फोन का रेडिएशन लेवल 1.6 वॉट प्रति किलोग्राम (W/kg) से ज्यादा नहीं होना चाहिए। अगर आपके फोन की कीमत इस सीमा से ज्यादा है तो इसका मतलब है कि आपका फोन सेहत के लिए बिल्कुल भी अच्छा नहीं है। हम सभी स्मार्टफोन पर इस कदर निर्भर हो गए हैं कि अब हालात ऐसे हैं कि स्मार्टफोन के बिना जिंदगी अधूरी लगती है।

शायद आप में से कुछ लोगों को पता होगा कि फोन से रेडिएशन निकलता है, जबकि कुछ लोगों को इस बात की जानकारी नहीं होगी। क्या आप जानते हैं कि हर स्मार्टफोन रेडिएशन फैलाता है? मोबाइल फोन से निकलने वाले रेडिएशन को रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) रेडिएशन भी कहा जाता है। नया फोन खरीदते समय कोई भी फोन के रिटेल बॉक्स को पढ़ने की जरूरत नहीं समझता है, लेकिन आप लोगों की जानकारी के लिए बता दें कि फोन के रिटेल बॉक्स पर लिखा होता है कि आपका फोन कितना रेडिएशन करता है।

मोबाइल रेडिएशन को कैसे मापा जाता है?

फोन से निकलने वाले रेडिएशन को SAR वैल्यू में मापा जाता है, SAR का मतलब स्पेसिफिक एब्जॉर्प्शन रेट होता है। अगर आपके पास फोन बॉक्स नहीं है तो आपके मन में यह सवाल उठ सकता है कि क्या यह पता लगाना संभव नहीं है कि मोबाइल कितना रेडिएशन फैला रहा है? इसका उत्तर यह है कि इसका पता लगाया जा सकता है और आपको यह जानकारी बहुत आसानी से मिल सकती है। इसके लिए आपको बस फोन में एक कोड डालना होगा। अपने फोन की SAR वैल्यू पता करने के लिए आपको सबसे पहले फोन का डायल पैड खोलना होगा, डायल पैड खुलने के बाद आपको *#07# कोड डायल करना होगा। इस कोड को डालते ही आपकी स्क्रीन पर एक पॉप-अप आएगा जिसमें लिखा होगा कि फोन की SAR वैल्यू कितनी है।



## हल्द्वानी में हिंसा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक की ये है पूरी कुंडली

नैनीताल। नैनीताल पुलिस ने हल्द्वानी में हिंसा के मास्टरमाइंड बताए जा रहे अब्दुल मलिक की तलाश तेज कर दी है। बनभूलपुरा में विवादित ढांचे पर मालिकाना हक का दावा करने वाले अब्दुल मलिक को 8 फरवरी को हुई हिंसा के लिए पुलिस ने मुख्य तौर पर जिम्मेदार बताया है। दिल्ली में गिरफ्तारी की चर्चा के बीच नैनीताल के एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने दावों को खारिज किया। उन्होंने कहा, 'हम उसे गिरफ्तार करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं और जल्द उसे पकड़ लिया जाएगा।' एसएसपी मीणा ने दोहराया कि अब्दुल मलिक ने नजूल भूमि पर अवैध तरीके से ढांचा बनाया और इसके ध्वस्तीकरण का जोरदार विरोध किया। अब्दुल मलिक हल्द्वानी में दशकों पहले बसे कुछ प्रभावशाली मुस्लिम परिवारों में से एक है। शहरभर में वह अपनी संपत्तियों के लिए जाना जाता है। मलिक का परिवार मुस्लिम समुदाय में अच्छा प्रभाव रखता है। अब्दुल मलिक खुद एक बड़ा ठेकेदार है और रोड कंस्ट्रक्शन में उसकी अच्छी पकड़ है। मलिक के बारे में जानकारी रखने वाले नैनीताल के एक वकील ने बताया 'वह क्षेत्र में काफी प्रभावशाली है। उसकी संपत्ति और राजनीतिक कनेक्शन चर्चा योग्य है।' वकील ने कहा कि कहा, 'अपुष्ट रिपोर्ट बताते हैं कि वह एक बार बसपा के टिकट पर लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुका है।'

हल्द्वानी नगर निगम की ओर से दिए गए नोटिस को हाई कोर्ट में चुनौती देने वाली अब्दुल मलिक की पत्नी साफिया मलिक के वकील अहरार बेग ने जोर देकर कहा, 'अब्दुल मलिक प्रभावशाली परिवार से आते हैं। वह बड़े ठेकेदार हैं और रोड और रेलवे की ठेकेदारी में उनकी विशेषज्ञता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में कई प्रॉजेक्ट्स उनके पास हैं। उनके करीबी रिश्तेदार उत्तराखंड हाई कोर्ट से रिटायर्ड जज हैं।' बेग ने कहा कि हिंसा की वजह बनी बनभूलपुरा की संपत्ति अब्दुल मलिक के परिवार के पास 1994 से है। प्रॉपर्टी कथित तौर पर 7 जनवरी 1937 को मोहम्मद यासीन नाम के शख्स को खेती के उद्देश्य से तत्कालीन ब्रिटिश सरकार की ओर से लीज पर दिया गया था। इस जमीन पर 2002 में दो ढांचे बनाए गए, जिनमें से एक कथित तौर पर मस्जिद मरियम और दूसरा अब्दुल रज्जाक जकारिया मदरसा था। 4 फरवरी को सील किए जाने से पहले तक इसकी देखभाल साफिया मलिक और उसके पति अब्दुल मलिक की ओर से की जा रही थी। बेग ने बताया कि यासीन को जमीन शुरुआत में 10 साल के लिए लीज पर दी गई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### प्राकृतिक खेती को लेकर किसानों को किया जागरूक

बागेश्वर। प्राकृतिक खेती द्वारा उद्यान प्रबंधन पर दो दिवसीय कार्यशाला शुरू हो गई है। मुख्य अतिथि पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी ने किसानों से कार्यशाला का लाभ लेने की अपील की है। ग्रोथ सेंटर शामा में आयोजित कार्यक्रम में ऐठानी ने कहा कि शामा क्षेत्र सब्जी व फल उत्पादन में आगे है। यहां के किसान आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने किसानों से पारंपरिक खेती के साथ ही वैज्ञानिक खेती पर भी जोर देने को कहा। विषय विशेषज्ञ डॉ. कमल पांडे ने किसानों से शोधित बीज का उपयोग करने को कहा। भवन सिंह कोरंगा ने कीवी उत्पादन के बारे में बताया। लोगों से फल उत्पादन को अपनी आजीविका बनाने की अपील की है। इस मौके पर राजज कुमार, हरीश जोशी, राजेंद्र कोरंगा, सुनीता देवी, प्रार्वती देवी, भूंपेंद्र कोरंगा, दीपक गडिया आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने दो वारंटी किए गिरफ्तार

बागेश्वर। पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। कपकोट पुलिस ने बताया कि प्रिया शंकर उर्फ प्रियांशु पुत्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम पोथिंग के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 504, 506 में मुकदमा दर्ज है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ कुर्की का वारंट जारी था। उसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक अन्य मामले में बिशन सिंह पुत्र खीम सिंह निवासी ग्राम खर्ककानातोली भी लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### 15 सालों से गुरिल्लों को दिया जा रहा आश्वासन

बागेश्वर। गुरिल्ला समिति की यहां आयोजित बैठक में केंद्र तथा प्रदेश सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया है। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि पिछले 15 सालों में उन्हें आश्वासनों की घुट्टी पिलाई जा रही है। यदि इस बार उनकी मांग नहीं मानी गई तो वह लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। समिति से जुड़े लोग सोमवार को नुमाईशखेत मैदान में एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि गुरिल्ले पिछले 15 साल से नौकरी व पेंशन के लिए आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकारें उनकी मांग पूरी करने के बजाए उन्हें सिर्फ आश्वासन ही दे रहे हैं। यदि उन्हें समय पर नौकरी तथा पेंशन दी गई तो वह अपना जीवन यापन बेहतर ढंग से कर पाएंगे। वक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगों को नहीं माना जाएगा वह चुप नहीं बैठेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शेर सिंह ने की। इस मौके पर बिशन दत्त, दिनेश चंद्र लोहनी, बसंत बल्लभ पांडेय, बिशन दत्त भट्ट, रणजीत परिहार, दमयंती, गणेश राम, ललिता प्रसाद, द्रोपती देवी, मोहन राम आदि मोजूद रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

बागेश्वर। कोतवाली पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक ने घर के अंदर ही फांसी का फंदा लगाकार खुदकुशी कर ली है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लिया। पंचनामा भरने के बाद शव का पोस्टमार्टम किया और उसे परिजनों को सौंप दिया। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उन्हें सोमवार की सुबह सूचना मिली की कठायतबाड़ा में एक युवक ने घर के अंदर खुदकुशी कर ली है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे तो 22 साल का भूपाल देवड़ी पुत्र शिव सिंह घर पर ही पाइप पर फांसी का फंदा बनाकर उस पर लटका हुआ था। आनन-फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि युवक लंबे समय से मानसिक रूप से परेशान था। इसी के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है। कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का है। मामले में पुलिस में किसी ने कोई तहरीर नहीं सौंपी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का असली कारण सामने आएगा। मृतक की एक बड़ी बहन है उसकी शादी हो चुकी है। घटना के बाद से मां सदमे में है।


### छात्रों को बौद्धिक संपदा अधिकार की जानकारी दी

विकासनगर। पंडित शिवराम राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को बौद्धिक संपदा कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के तहत बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), पेटेंट और डिजाइन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। उत्तराखंड एप्लीकेशन सेंटर के वैज्ञानिक डॉ. गजेंद्र सिंह ने छात्रों को अपने अनुभव बताते बौद्धिक संपदा का अधिकार व प्रयोग की जानकारी दी। छात्रों को आईपी नीति के विषय में बताया। उन्होंने छात्रों को अपनी बौद्धिक संपदा को पेटेंट कराने के नियम व उसका दूसरे व्यक्ति द्वारा गलत प्रयोग करने पर कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। बौद्धिक संपदा विषय पर छात्रों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देकर छात्रों की जिज्ञासा को शांत किया। यूकॉस्ट के वैज्ञानिक डॉ. हिमांशु गोयल ने छात्रों को बौद्धिक संपदा अधिकारों की मूल बातें और जागरूकता के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अपनी बौद्धिक संपदा को सुरक्षित रखना प्रत्येक व्यक्ति के लिए जरूरी है। इसके दुरुपयोग होने से समाज को खतरा पैदा हो सकता है।

# बच्चा हर एग्जाम में जीतेगा ट्रॉफी अगर माता-पिता शुरू से सिखाएं ये आदतें

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 13 फरवरी : बच्चा पढ़ाई-लिखाई में तेज हो और वो स्कूल-कॉलेज में बेहतरीन कामयाबी हासिल कर कर आपका रोशन करे. ऐसी चाहत भला किस माता-पिता की नहीं होगी. सभी पेरेंट्स अपने बच्चों को अच्छा पढ़ा-लिखा कामयाब इंसान बनाना चाहते हैं. लेकिन इसके बावजूद कई बच्चे ऐसे होते हैं जिनकी पढ़ाई लिखाई में रुचि नहीं होती.आज हम यहां आपको कुछ ऐसे ही टिप्स दे रहे हैं जिन्हें अपनाकर आप अपने बच्चे में लर्निंग एबिलिटी और उनकी स्किल बढ़ा सकते हैं. यहां लर्निंग का अर्थ केवल कोर्स की किताबें पढ़ने से नहीं है।



पढ़ने का मकसद केवल लैंग्वेज को सीखना या इंप्रूव करना नहीं है. किताबें बच्चों को न केवल ज्ञान देती हैं, बल्कि उसकी कल्पनाशीलता व तर्कशक्ति को भी बढ़ाती है. बच्चों को किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करें. उन्हें कहानियां सुनाएं. उनकी जिज्ञासा और उत्सुकता को दबाएं नहीं बल्कि उन्हें पंख दें।

सीखना केवल क्लासरूम तक सीमित न रखेंछोटे बच्चों के लिए पूरी दुनिया ही एक क्लासरूम के समान है. स्कूल की कक्षा के बाहर भी उनके सीखने के लिए बहुत कुछ है. बच्चे सवाल बहुत पूछते हैं. खासकर उनके सवालों में ₹ऐसा क्यों..₹ ये पूछना बहुत सामान्य होता है. बच्चों के सवाल पूछने की इस स्वाभाविक प्रवृत्ति की उपेक्षा न करें.बच्चा पढ़ाई-लिखाई में अच्छा प्रदर्शन करे इसके लिए जरूरी है कि आपको भी उसकी किताबों, होमवर्क, स्कूल असाइनमेंट्स को लेकर पर्याप्त जानकारी रहे. बच्चे से इन सभी विषयों पर खुलकर चर्चा करें और अगर उसे कोई परेशानी आ रही हो तो उसे समझने की कोशिश करें. टीचर्स से बेहतर संपर्क रखने से आप अपने बच्चे की एजुकेशनल नीड्स को बेहतर से समझ पाएंगे.

बच्चे के ओवरऑल डेवलपमेंट पर फोकस करें

ध्यान रहे बच्चे को केवल किताबी कीड़ा नहीं बनाना है. उसके पूरी पर्सनालिटी पर ध्यान देना होगा. बच्चे में अच्छे चरित्र का निर्माण, उसे कॉन्फिडेंस और रिस्पॉन्सिबल बनाना भी आपकी जिम्मेदारी है. कुल मिलाकर एक बच्चे की कामयाबी में उसके पेरेंट्स, टीचर्स और आस-पास के वातावरण का भी अहम योगदान होता है।

बच्चे की खूबियों को पहचानेंहर बच्चे में कुछ खास बात होती है और शायद कुछ मामलों में वह पिछड़ भी सकता है. जरूरत इस बात की है कि बच्चे की खूबियों को सही ढंग से पहचाना जा सके. बच्चे की क्रिएटिव स्किल, क्रिटिकल स्किल, ऑर्गेनाइजेशन स्किल को पहचानना भी जरूरी है।पढ़ाई के लिए जरूरी है कि घर में पढ़ाई के लिए सही वातावरण हो. बच्चे का एक रूटीन बनाना बेहद जरूरी है. इससे बच्चे में नियमित रूप से पढ़ने की आदत विकसित होगी. बच्चे के रूटीन में उसकी पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद और मनोरंजन के लिए भी समय निकालना जरूरी है। बच्चों की कई उपलब्लियां जो आपके मुताबिक भले ही छोटी या मामूली हों, लेकिन बच्चें के लिए ये कामयाबी की एक सीढ़ी के जैसी होती है. ऐसे में बच्चे की हर उपलब्धि या कामयाबी पर उसकी सराहना बेहद जरुरी है. आपसे मिली प्रशंसा बच्चे के लिए प्रोत्साहन का काम करती है, जो उसे और बेहतर काम करने के लिए प्रेरित करती है।

# पत्नी के ब्रह्मचर्य से पति परेशान कोर्ट का गज़ब फैसला

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

तलाक की रोचक वजहों में आज इस वजह को जानकर आप भी हैरान रह जायेंगे। गुजरात हाई कोर्ट ने तलाक मामले में चौंकाने वाला फैसला सुनाया है. मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने एक शख्स को तलाक की मंजूदी दे दी. बताया जाता है कि शख्स की पत्नी एक खास मजहब से प्रभावित थी और उसने उससे प्रभावित होकर एक दशक तक ब्रह्मचर्य का पालन करने का संकल्प लिया था. जिसकी वजह से उसने अपने पति से यौन संबंध बनाने से इनकार कर दिया था. बता दें कि इस जोड़े की शादी साल 2009 में हुई थी. बताया जाता है कि महिला सिजोफ्रेनिया से पीड़ित थी. और पति एमडी है.

**पति का आरोप- पत्नी करती थी क्रूरता**

एक मीडिया खबर के मुताबिक, इस सबंध में पति ने 2012 में फैमिली कोर्ट में तलाक का मुकदमा दायर किया था. दायर मुकदमे में शख्स ने कहा गया कि उसकी पत्नी उसके साथ क्रूरता करती है. इसके अलावा शख्स ने



अपनी पत्नी पर यह भी आरोप लगाया कि उसकी पत्नी सिजोफ्रेनिया की मरीज थी. साथ ही वह एक पंथ (आध्यात्मिक) को फॉलो करने वाली थी और वह उसके साथ यौन संबंध नहीं बनाना चाहती थी.

**ब्रह्मचर्य पर अड़ी थी पत्नी**

पति ने कोर्ट में बताया कि उसकी पत्नी ब्रह्मचर्य पर अड़ी हुई थी. यहां तक कि उसने आत्महत्या करने की भी धमकी दी थी. इसके अलावा पति ने यह भी बताया कि शादी से पहले उसे अपनी पत्नी की मानसिक स्थिति के बारे में सही जानकारी नहीं थी. उसे इस बारे में कुछ भी नहीं बताया गया था जो कि क्रूरता जैसा है. बता दें कि इस संबंध में साल 2018 में फैमिली कोर्ट ने पति के दावों को नहीं माना था.

**हाईकोर्ट पहुंच गया पति**

जिसके बाद पति ने हाईकोर्ट का पहुंचा. जहां उसने उन डॉक्टरों की गवाही पेश की जो कभी उसकी पत्नी की सिजोफ्रेनिया के इलाज में शामिल थे. डॉक्टर्स समेत अन्य गवाहों ने कोर्ट को यह कहा कि महिला 2011 से ससुराल में नहीं रह रही थी. गुजरात हाईकोर्ट ने कहा कि शख्स के पत्नी की मेडिकल प्रमाण, वैवाहिक संबंधों को निभाने से इनकार करना समेत 12 साल तक ससुराल के घर से दूर रहना इस बात के पर्याप्त आधार थे कि शादी टूट गई थी.देश में ये अपने आप में एक अनोखा केस था जो निपटाया गया है।

# RO का पानी सब पीते हैं, लेकिन क्या जानते हैं RO शब्द का सही मतलब

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 13 फरवरी : आजकल हर किसी के घर में आरओ लगा होता है. हम उसी का पानी पीते हैं, क्योंकि जमीन का पानी या टोंटी से आया पाया अब उतना सुरक्षित नहीं रहा कि हम पी सकें. बड़े शहर ही नहीं, अब तो प्रदूषण की वजह से छोटे शहरों में भी आरओ की मांग लगातार बढ़ती जा रही है. लेकिन क्या आपने कभी सोचा कि आखिर RO शब्द का सही मतलब है क्या? इसे यही नाम क्यों दिया गया? कई लोगों को इसके बारे में पता नहीं होगा. तो आइए जानते हैं RO शब्द का सही अर्थ।

RO का फुल फॉर्म होता है रिवर्स ऑस्मोसिस हम सब जानते हैं कि आरओ दूषित पानी को साफ करने के लिए होता है. इस तकनीक से पानी के भीतर की सभी अशुद्धियां, मेटल पार्टिकल, बालू के कण, टीडीएस साफ हो जाती है. इस पूरी प्रक्रिया को हिन्दी में विपरीत प्रसारण कहते हैं. इसी से आरओ का नाम भी आया. इसे आप ऐसे समझें कि इंसानों और जानवरों के गुर्दे में भी रक्त से पानी को अवशोषित करने के लिए रिवर्स ऑस्मोसिस प्रक्रिया ही होती है. RO का इस्तेमाल उन क्षेत्रों में करना चाहिए जहां पर पानी खारा हो या पानी में टीडीएस की मात्रा ज्यादा हो. तटीय क्षेत्रों और बोरवेल के लिए RO बिल्कुल सही होता. जिन स्थानों पर पानी मीठा होता है वहां पर UV purifier (Ultraviolet) का इस्तेमाल करना चाहिए। अब आपके मन में सवाल होगा कि आखिर ये टीडीएस क्या है? तो बता दें कि TDS का पूरा नाम Total Dissolved Solid होता है. यानी पानी में घुले हुए वे कण, जिनकी वजह से स्वाद खराब हो जाता है. इनमें कैल्शियम, नाइट्रेट, आयरन, सल्फर और कार्बनिक यौगिक होते हैं. कुछ तो इनमें से सेहत के लिए भी हानिकारक होते हैं. RO तकनीक के जरिये पानी को कई तरह की झिल्ली से गुजारा जाता है, जिससे ये कण छन जाते हैं और पानी साफ हो जाता है।




## संक्षिप्त खबरें

### अशोक पार्किंग को पालिका ने कब्जे में लिया

नैनीताल। नैनीताल की अशोक पार्किंग को नगर पालिका ने कब्जे में ले लिया है। पालिका अब इसे ओपन टेंडर कर देने जा रही है। इसके अलावा लेक ब्रिज चुंगी, डीएसए पार्किंग समेत चार अन्य छोटी पार्किंग का भी ओपन टेंडर कराया जा रहा है। सोमवार से पालिका ने पार्किंग का संचालन करना खुद शुरू कर दिया। अब तक ठेकेदार महज 35 हजार रुपये महीना दे रहे थे। ईओ राहुल आनंद ने बताया, अशोक पार्किंग ठेके पर देने से पालिका को आर्थिक नुकसान के साथ नियमों का उल्लंघन भी हो रहा था। इसके अलावा 31 मार्च को लेक ब्रिज चुंगी, डीएसए पार्किंग समेत नगर की अन्य चार छोटी पार्किंगों का टेंडर समाप्त होने जा रहा हैं। इसे देखते हुए इस साल सभी पार्किंग ओपन टेंडर के जरिए करवाया जा रहा है। जिसमें अशोक पार्किंग का बेस प्राइज 25 लाख, डीएसए पार्किंग 1.40 करोड़, लेक ब्रिज चुंगी 2.15 करोड़ और अन्य चार छोटी पार्किंगों का 55 लाख रुपये रखा है। इन पार्किंगों के टेंडर होने से नगर पालिका को काफी लाभ होने की उम्मीद है।

### ग्राम प्रहरी नशा, विवादों की सूचना पुलिस तक पहुंचाएं

नैनीताल। तल्लीताल थाने में पुलिस की क्षेत्र के दस ग्राम प्रहरियों के साथ बैठक हुई। जिसमें ग्राम प्रहरियों से भूमि विवाद, गोकशी, नशा तस्करी और आपसी रंजिश में होने वाले विवादों पर नजर रखने व सूचना पुलिस तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। अच्छा काम करने वाले ग्राम प्रहरियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। तल्लीताल थाने में करीब दो साल बाद ग्राम प्रहरियों की बैठक हुई। थाना तल्लीताल प्रभारी रमेश बोहरा ने थाना क्षेत्र के सभी 10 ग्राम प्रहरियों के साथ बैठक की। कहा, ग्राम प्रहरी सजग रहकर इलाके में हो रही अवैध गतिविधियों पर नजर रखने की जरूरत है। उन्होंने गांव में चल रहे भूमि विवाद, गोकशी, मादक पदार्थों की तस्करी, क्षेत्र में हत्या, बलवा, आपसी रंजिश आदि की जानकारी पुलिस तक तुरंत पहुंचाने को कहा। साथ ही लोकसभा चुनावों को देखते हुए इलाके की सूचनाएं भी पुलिस तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। कहा कि जो ग्राम प्रहरी अच्छा कार्य करेगा उसको पुरुस्कृत किया जाएगा। इस दौरान ग्राम प्रहरी गोपाल जोशी, सुमित जोशी, राजेंद्र सिंह, महिपाल सिंह, संजय सिंह, पान सिंह जीना, भोपाल सिंह, महेंद्र प्रसाद, पनीराम आर्य रहे।

### डीएम अध्यक्षता में हुई जनसुनवाई, 133 शिकायतें प्राप्त

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में 133 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें अधिकतर शिकायतें भूमि विवाद सम्बन्धी प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त आपसी विवाद, सडक़ निर्माण कार्य में अनियमितता, सरकारी भूमि पर कब्जा, अवैध प्लाटिंग, भरण-पोषण, मामला हस्तांतरण, पति द्वारा दूसरी शादी करने सहित नगर निगम जल संस्थान पीएमजीएसवाई सिंचाई रोजगार दिलाने, समाज कल्याण एमडीडीए पुलिस आदि विभागों से सम्बन्धित प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए विभिन्न जांच मामलों में जो रिपोर्ट पटवारी की ओर से प्रेषित की जाती हैं उनपर अपनी संस्तुति सहित आख्या प्रेषित की जाए। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि कैम्प रोस्टरवार कार्यक्रम तय करते हुए धारा 41 के मामले निपटाएं। जनसुनवाई में ग्राम हसनपुर तहसील विकासनगर के शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत की गई कि उनकी भूमिधरी की भूमि पर अवैध कब्जे के दाखिल खारिज रूकवाने अनुरोध किया, इसी प्रकार पुरवीय लाईन सेन्ट्रल निवासी शिकायकर्ता द्वारा शिकायत की गई उनकी सम्पत्ति को को उनके परिजन बेचने की फिराक में हैं, जिस उनके द्वारा रोक लगाने की मांग की गई है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलधिकारी विकासनगर को कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार तहसील सदर अन्तर्गत भूमि सम्बन्धी शिकायत पर तहसीलदार सदर को कार्यवाही के निर्देश दिए गए। सृष्टि विहार निवासी शिकायकर्ता द्वारा शिकायत की गई कि पड़ोसियों द्वारा सडक़ों पर पानी बहाया जा रहा है जो कि एक स्थान पर उनके घर के सामने इकठ्ठा हो जाता है, जिससे बीमारियों फैलने की संभावना है बनी रहती है तथा बीते वर्ष में डेंगू महामारी के दौरान उनके माता-पिता तथा नवजात बच्चे को डेंगू हो गया था, जिस पर जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए।

# ब्रेन स्ट्रोक तो सुना होगा, पर क्या स्पाइनल स्ट्रोक के बारे में जानते हैं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 13 फरवरी : ब्रेन स्ट्रोक की समस्या पिछले एक-दो दशकों में काफी तेजी से बढ़ी है, अकेले अमेरिका में ही ब्रेन स्ट्रोक के कारण हर साल 1.40 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है। इसके जोखिम, कारण और होने वाली समस्याओं के बारे में आप भी जरूर वाकिफ होंगे, पर क्या आप स्पाइनल स्ट्रोक के बारे में जानते हैं? ब्रेन स्ट्रोक की तरह ही इस समस्या का खतरा भी काफी तेजी से बढ़ता देखा जा रहा है। यह ब्रेन स्ट्रोक की तरह जानलेवा तो नहीं है पर आपके जीवन के लिए कई प्रकार की कठिनाइयों को बढ़ाने वाली जरूर हो सकती है।ब्रेन स्ट्रोक, मस्तिष्क में रक्त प्रवाह के बाधित हो जाने के कारण होने वाली दिक्कत है, स्पाइनल स्ट्रोक में भी समस्या ऐसे ही शुरू होती है। रीढ़ की हड्डी को ठीक से काम करने के लिए निरंतर रक्त आपूर्ति की आवश्यकता होती है। यह आपके शरीर के बाकी हिस्सों में नर्व इंपल्स (तंत्रिका आवेग) भेजने में मदद करती है। यही संकेत बुनियादी शारीरिक गतिविधियों में मदद करते हैं जैसे कि आपके हाथ और पैर हिलाना, और यह सुनिश्चित करना कि आपके सभी अंग ठीक से काम कर रहे हैं। स्पाइनल स्ट्रोक के कारण यह प्रक्रिया बाधित हो सकती है।

यदि रीढ़ की हड्डी में रक्त का प्रवाह प्रभावित हो जाती है या कोई चीज इसे अवरुद्ध कर देती है, तो इसे अपना काम करने के लिए आवश्यक ऑक्सीजन और पोषक तत्व नहीं मिल पाता है। इस समस्या को स्पाइनल स्ट्रोक या स्पाइन कॉर्ड इफ्रैक्शन कहा जाता है। आमतौर पर रक्त के थक्के बनने (इस्केमिक स्पाइनल स्ट्रोक) या रक्तस्राव (हेमोरेजिक स्पाइनल स्ट्रोक) के कारण रीढ़ को पोषक तत्व और ऑक्सीजन युक्त रक्त की आपूर्ति बाधित हो सकती है, ऐसी स्थिति में रीढ़ की हड्डी के ऊतकों और कोशिकाओं को नुकसान पहुंचने लगता है, वे डेड हो सकते हैं। हालांकि स्पाइनल स्ट्रोक के मामले काफी दुर्लभ माने जाते हैं।यदि रीढ़ की हड्डी में रक्त



का प्रवाह प्रभावित हो जाती है या कोई चीज इसे अवरुद्ध कर देती है, तो इसे अपना काम करने के लिए आवश्यक ऑक्सीजन और पोषक तत्व नहीं मिल पाता है। इस समस्या को स्पाइनल स्ट्रोक या स्पाइन कॉर्ड इफ्रैक्शन कहा जाता है। आमतौर पर रक्त के थक्के बनने (इस्केमिक स्पाइनल स्ट्रोक) या रक्तस्राव (हेमोरेजिक स्पाइनल स्ट्रोक) के कारण रीढ़ को पोषक तत्व और ऑक्सीजन युक्त रक्त की आपूर्ति बाधित हो सकती है, ऐसी स्थिति में रीढ़ की हड्डी के ऊतकों और कोशिकाओं को नुकसान पहुंचने लगता है, वे डेड हो सकते हैं। हालांकि स्पाइनल स्ट्रोक के मामले काफी दुर्लभ माने जाते हैं।

अधिकांश मामलों में स्पाइनल स्ट्रोक की समस्या रक्त वाहिकाओं के आकार में परिवर्तन के कारण होती हैं। रक्त वाहिकाओं की दीवारें मोटी होने के कारण ये संकीर्ण हो सकती हैं, जिससे खून का संचार बाधित हो जाता है। यह उम्र बढ़ने के साथ होने वाली समस्या भी है। कुछ स्थितियां हैं जो आपमें इसके जोखिमों को बढ़ाने वाली हो सकती हैं जैसे हाई कोलेस्ट्रॉल- हाई ब्लड प्रेशर की समस्या, हृदय रोग, मोटापा, मधुमेह, अधिक धूम्रपान या शराब का सेवन और शारीरिक निष्क्रियता की समस्या। स्पाइनल स्ट्रोक की समस्या में इसके इलाज के लिए पहले उन कारणों को जानने की कोशिश की जाती है जो रक्त के प्रवाह को बाधित करने वाली होती हैं। इसके आधार पर कुछ दवाओं और गंभीर स्थिति में सर्जरी की भी आवश्यकता हो सकती है। रीढ़ की हड्डी के स्ट्रोक के मामले बहुत दुर्लभ हैं लेकिन ये बहुत गंभीर भी हो सकते हैं। कुछ मामलों में यह लकवा का कारण बन सकती है जिससे जीवन की गुणवत्ता पर असर देखा जाता है।

## संपादकीय



## पाकिस्तान जनादेश के मायने

पाकिस्तान और जम्हूरियत परस्पर-विरोधी यथार्थ हैं। पाकिस्तान में चुनाव दिखावटी होते हैं और हुकूमत 'फौज की कठपुतली' होती है। यदि लोकतंत्र होता, तो हुकूमत और सियासत में सेना की निर्णायक भूमिका क्यों होती? प्रधानमंत्री फौज के मोहताज क्यों होते? फौज चुनावों को भी प्रभावित कैसे कर सकती थी? लेकिन इस बार अवाम ने फौज को गच्चा दे दिया है। उसके फरमानों को खारिज कर दिया है और जम्हूरियत की ताकत की एक बानगी-सी पेश की है। नतीजतन जेल में कैद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बर्खास्त पार्टी 'पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ' (पीटीआई) के समर्थक निर्दलियों ने 101 सीटें जीती हैं, जबकि नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन और भुट्टो-जरदारी की पीपीपी क्रमशः 75 और 54 सीटों तक ही ठिठक गई हैं। दोनों बहुमत के आंकड़े 134 से बहुत दूर हैं। खुद पीपीपी मुखिया बिलावल भुट्टो चुनाव हार गए हैं। अवाम ने इमरान खान के एआई अवतार और आह्वानों को सुना और स्थानीय स्तर पर जनादेश की बुनियाद तैयार की। फौज की लाठी, बंदूक और घुड़कियां नाकाम रहीं। कदाचित यह किसी भी देश का पहला जनादेश है कि निर्दलीय सबसे अधिक सीटों पर जीते हैं। पाकिस्तान में चुनाव खूब छापे गए, फर्जी वोट डाले गए और फिर नतीजों में धांधलियां की गईं। यदि ऐसा नहीं होता, तो निर्दलीय अपने दम पर ही बहुमत हासिल कर सकते थे! वहां की कंगारू अदालतों में चुनाव धांधलियों के असंख्य मामले दर्ज हैं। क्या पाकिस्तान में अवाम को चुनावी इंसाफ मिलेगा? हालांकि परंपरागत सियासी पार्टियों को बहुमत हासिल नहीं हुआ है, फिर भी गठबंधन के लिए सौदेबाजी की जा रही है। यह खबर पाकिस्तान के मीडिया के जरिए ही सामने आई है कि पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी ने पीएमएल-एन के नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सामने शर्त रखी है कि बिलावल भुट्टो को प्रधानमंत्री बनाया जाए। बदले में उनकी पार्टी नवाज शरीफ की बेटी मरियम को पंजाब की मुख्यमंत्री बनाने को समर्थन दे सकती है। जरदारी के इस मास्टर स्ट्रोक से शरीफ खानदान दुविधा में है, क्योंकि जरदारी की बात मानने के मायने होंगे कि शरीफ कुनबे की सियासत समाप्त हो सकती है। शरीफ कुनबे के लिए पंजाब बहुत मायने रखता है, क्योंकि देश की आबादी से लेकर अर्थव्यवस्था तक पंजाब की हिस्सेदारी 60 फीसदी से ज्यादा है। पाक मीडिया का विश्लेषण है कि जरदारी राष्ट्रपति पद की पेशकश पर सहमत हो सकते हैं। उधर इमरान खान ने एआई तकनीक से निर्दलीय विजेताओं का आह्वान किया है कि वे किसी से गठबंधन न करें। अवाम ने हमें भ्रष्ट सियासतदानों के खिलाफ जनादेश दिया है, तो ऐसे लोगों के साथ हुकूमत कैसे बनाई जा सकती है? यह विकल्प भी सामने आया है कि निर्दलीय अपना गुट बनाकर एक नई पार्टी के गठन पर भी विचार कर रहे हैं, लेकिन चुनाव आयोग उसे मान्यता देगा अथवा नहीं, फिलहाल यह अनिश्चित है। पीटीआई समर्थक निर्दलीय, अंततः, भुट्टो परिवार की पार्टी पीपीपी में भी विलय करने की सोच रहे हैं। इस तरह पाकिस्तान में आम चुनाव होने के बाद भी अराजकता का माहौल है। इमरान खान के आह्वानों ने अवाम, खासकर नौजवानों, को उत्तेजित और आक्रोशित किया है। ऐसे में एक जिम्मेदार हुकूमत बनना लाजिमी है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## नामांकन फार्म बिक्री के साथ देवभूमि नगर उद्योग व्यापार मंडल की चुनाव प्रक्रिया शुरू

अल्मोड़ा। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के अल्मोड़ा नगर इकाई के चुनाव प्रक्रिया नन्दादेवी मंदिर के गीता भवन में आरम्भ हो चुकी हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी त्रिलोचन जोशी की अध्यक्षता में सह निर्वाचन अधिकारी विनीत बिष्ट एवं यूसूफ तिवारी द्वारा विभिन्न पदों के प्रत्याशियों को नामांकन पत्र एवं चुनाव नियमावली जारी की गई। देवभूमि उद्योग व्यापार मण्डल अल्मोड़ा के सदस्यता प्रभारी राजेन्द्र तिवारी ने बताया कि अल्मोड़ा नगर में 2300 के लगभग व्यापारियों की सदस्यता पूर्ण हो चुकी है।

जांच कमेटी द्वारा परीक्षण किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी त्रिलोचन जोशी ने बताया कि 13 फरवरी मंगलवार को चुनाव कार्यालय गीता भवन नन्दादेवी मंदिर में प्रातः 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक नामांकन फार्म जमा किए जाएंगे। 14 फरवरी को नामांकन पत्रों की जाँच होगी एवं 15 फरवरी को प्रत्याशियों की नाम वापसी एवं 16 फरवरी को प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटन किये जायेंगे। 25 फरवरी को आम मतदान होगा एवं उसी दिन अपराह्न 03 बजे से मतगणना आरम्भ होगी और देर सायं परिणाम घोषित होंगे। सह निर्वाचन अधिकारी विनीत बिष्ट ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए अनिल गुरूरानी, हिमाँशु काण्डपाल, संजय साह( रिक्खू), हरीश बिष्ट, मो नौशाद, दीपेश चन्द्र जोशी एवं उपाध्यक्ष पद के लिए आनन्द सिंह भोज, भीमा पवार, दीपक जोशी, महिला उपाध्यक्ष मनु गुप्ता, चन्द्रा रावत एवं महासचिव पद पर रोहित साह और दीप चन्द्र जोशी एवं उपसचिव पद पर अमन टकवाल और जयप्रकाश तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए हिमाँशु बिष्ट एवं रोहित लाल ने नामांकन पत्र खरीदे।

## मैत्री कैरम प्रतियोगिता का आयोजन

अल्मोड़ा। खजांची मोहल्ला में मैत्री कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट का उद्घाटन श्री लक्ष्मी भंडार का क्लब के कोषाध्यक्ष ललित मोहन शाह द्वारा किया गया और उन्होंने प्रतिभाग कर रही सभी टीमों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। कैरम प्रतियोगिता के संयोजक रोहित शाह ने बताया कि मैत्री कैरम प्रतियोगिता में 16 टीमों के 32 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं और यह प्रतियोगिता आगामी 20 फरवरी तक चलेगी। प्रतियोगिता में जीतने वाले खिलाडियों को शानदार पुरस्कार से नवाजा जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने बाहरी लोगों का सत्यापन कर काटे चालान

रुडकी। एसएसआई मनोज गैरोला की टीम ने नगर से सटे शेखपुरी गांव और कस्बा चौकी प्रभारी अंशुल अग्रवाल ने सिपाहियों के साथ मोहल्ला केशव नगर और सोसायटी रोड पर रह रहे बाहरी लोगों के सत्यापन का अभियान चलाया। इस दौरान दोनों टीमों ने कुल 450 लोगों का सत्यापन किया। इसके अलावा बिना सत्यापन कराए भवन में किराएदार रखने वाले दो मकान मालिकों से 10-10 हजार रुपये और पांच लोगों से 250-250 रुपये का नकद चालान काटकर कुल 21,250 रुपये का राजस्व वसूला गया।

### सीसीटीवी से पकड़ा गया बाइक चोर

रुडक़ी। सीसीटीवी की मदद से पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। चोरी की बाइक भी पुलिस ने बरामद कर ली है। रुडक़ी कोतवाली के बांदा रोड निवासी वसीम की दो दिन पूर्व बाइक चोरी हो गई थी। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बाइक आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। उपनिरीक्षक नितिन बिष्ट ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से बाइक चोर की पहचान कर ली। विकास कुमार पुत्र राजकुमार निवासी गली नंबर 4 सुभाष नगर कोतवाली गंगनहर को गिरफ्तार कर लिया गया।

### सडक़ दुर्घटना में शामिल वारंटी गिरफ्तार

रुडक़ी। पुलिस ने सडक़ दुर्घटना में पेशी से फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि 2014 में सडक़ दुर्घटना के एक मामले में सोनू पुत्र बच्चन लाल निवासी साधारणसीर थाना नांगल जिला सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया। फरार वारंटी के कुर्की वारंट भी जारी हो रखे थे।

### एक साल से अधिक समय से गुमशुदा बालिका रामनगर से बरामद

अल्मोड़ा। एएचटीयू अल्मोड़ा ने करीब सवा साल से गुमशुदा बालिका को रामनगर से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है। गुमशुदा बालिका रामनगर में नौकरी कर रही थी। एसएसपी देवेन्द्र पींचा द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाने में दर्ज गुमशुदगी के मामलों में गुमशुदाओं की शीघ्र बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया है। दिनांक 10-11-2022 को थाना सल्ट में एक व्यक्ति द्वारा अपनी बालिका की गुमशुदगी के सम्बन्ध में सूचना दी गयी, जिस पर थाना सल्ट में एफआईआर पंजीकृत की गई थी। एएचटीयू प्रभारी, थानाध्यक्ष महिला थाना अल्मोड़ा मीना आर्या के नेतृत्व में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट अल्मोड़ा द्वारा गुमशुदा बालिका के बारे में जानकारी जुटाकर रविवार 11 फरवरी को रामनगर नैनीताल से सकुशल बरामद किया गया। बालिका ने बताया कि वह अपने परिजनों से नाराज होकर घर से चली गई थी, जो वर्तमान में नौकरी कर रही थी। पुलिस टीम द्वारा बालिका को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के पश्चात सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया। यहाँ पुलिस टीम में एएचटीयू प्रभारी व थानाध्यक्ष महिला थाना मीना आर्या, कांस्टेबल अनिल कुमार, महिला कांस्टेबल दशरथी सीपाल शामिल रहे।

### पेटशाल-बमनस्वाल मोटर मार्ग चौड़ीकरण की मांग

अल्मोड़ा। राज्य आंदोलनकारियों ने मुख्यमंत्री उत्तराखंड एवं लोक निर्माण विभाग के मंत्री को पत्र भेजकर पेटशाल-बमनस्वाल मोटर मार्ग में दशाऊं से बालेश्वर तक तक सडक़ को चौड़ा करने तथा सडक़ में डामरीकरण करने की मांग की है। पत्र में लिखा गया है कि उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कार्य 1990 के दशक में प्रारंभ हुआ था जिसका दशाऊं से बालेश्वर तक का भाग संकरा और कच्चा है जिसमें बरसात में गड्ढों और कीचड़ से यातायात दूभर हो जाता है। जगह-जगह पर भूस्खलन से मार्ग बाधित हो जाता है छोटे वाहनों की छोटी मोटी दुर्घटनाएं आए दिन होते रहती हैं। धौलादेवी-भैसियाछाना विकास खंड के दर्जनों गांवों का अल्मोड़ा जिला मुख्यालय हेतु यह सबसे नजदीकी मोटर मार्ग है जिसे पक्का किया जाना जनहित में अति आवश्यक है। पत्र में कहा गया है कि मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद सडक़ के चौड़ीकरण का कार्य विभाग द्वारा शुरू नहीं किया गया है, सडक़ में शीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाय। पत्र में ब्रह्मानन्द डालाकोटी, सदस्य जिला पंचायत शिवराज बनौला, दौलत सिंह बगड्वाल ने हस्ताक्षर किए हैं।

# मंत्री गणेश जोशी ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता की जीत के मंत्र दिए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 13 फरवरी : मसूरी विधानसभा क्षेत्र के गुनियाल गांव स्थित चंद्रोटी शिव मंदिर में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भारतीय जनता पार्टी के "गांव चलो अभियान" कार्यक्रम के तहत पूजा अर्चना की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गांव चलो अभियान के तहत मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया और बूथ कार्यकर्ता कैप्टन जयराम सिंह के आवास पहुंचकर भोजन किया और उन्हें केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अभियान के तहत कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी राजकीय इंटर कॉलेज गुनियाल गांव पहुंचकर विद्यार्थियों के साथ संवाद भी किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं से उनका परिचय प्राप्त किया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अपने संबोधन में परीक्षा पे चर्चा और पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को अवश्य सुनने का बच्चों से अपील की। उन्होंने कहा इन कार्यक्रमों के माध्यम से कई रोचक जानकारी प्राप्त होती है। मंत्री गणेश जोशी ने 10वीं और 12वीं के छात्र छात्राओं को आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा मतदान का अवश्य करें। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता की जीत के मंत्र भी दिए।





उन्होंने विद्यालय के लिए विज्ञान भवन तथा पुस्तकालय, शौचालय निर्माण की घोषणा भी की। उन्होंने कहा आज विश्व के पटल पर भारत का मान बढ़ाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में अंतिम छोर पर खड़े पात्र लोगों को भी सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। इस मकसद से भाजपा चलाए गए गांव चलो अभियान से ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी मिलने के साथ-साथ योजना का लाभ भी उठा पाएंगे।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक पुंडीर बूथ अध्यक्ष किशन सिंह पुंडीर, शक्ति केंद्र संयोजक लक्ष्मण रावत, ग्राम प्रधान सीता देवी, कैप्टन जयराम सिंह, योगेश बिष्ट, मनदीप सिंह, मदन सिंह, अनुराग, महेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मांगों पर शीघ्र कार्यवाही को गुरिल्लों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

अल्मोड़ा। एसएसबी स्वयं सेवक कल्याण समिति के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मा नन्द डालाकोटी व जिलाध्यक्ष शिवराज बनौला ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पिछले सप्ताह गुरिल्लों के प्रतिनिधियों ने जहां देहरादून सचिवालय में अनेक अधिकारियों से मुलाकात की, वहीं लोहाघाट में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर गुरिल्लों की मांगों पर शीघ्र कार्यवाही की मांग की। शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री को सचिवालय तथा विभिन्न विभागों के स्तर पर गुरिल्लों के लिए जारी शासनादेशों तथा मुख्यमंत्री द्वारा हाल ही में दिए गए दिशा निर्देशों के अनुपालन में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। देहरादून में विशेष सचिव गृह रिधिम अग्रवाल के साथ हुई वार्ता में विशेष सचिव ने आश्वासन दिया कि 13 फरवरी मंगलवार तक सभी संबंधित विभागों से कृत कार्यवाही की रिपोर्ट मांगी जाएगी। तदोपरांत मुख्य सचिव को पत्र लिखकर शीघ्र समीक्षा बैठक आयोजित करने का अनुरोध उनके स्तर से किया जाएगा। लोहाघाट में मुख्यमंत्री ने भी गुरिल्लों की मांगों पर शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया है। शिष्टमंडल में अध्यक्ष ब्रह्मा नन्द डालाकोटी के अलावा ललित बगौली, महेश पाठक, रूद्र सिंह भंडारी, प्रकाश सिंह, मनोज भट्ट, बलबीर सिंह आदि सम्मिलित रहे।

## क्षेत्रक मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल अल्मोड़ा में मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण संपन्न

अल्मोड़ा। क्षेत्रक मुख्यालय अल्मोड़ा में चल रहे 06 दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण का सोमवार को समापन हो गया। भारत सरकार द्वारा चलाए गए मधुमक्खी पालन व शहद मिशन अभियान के तहत क्षेत्रक मुख्यालय अल्मोड़ा में 06 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को दो दिन का विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा में प्रशिक्षण भ्रमण कराया गया। जिसमें क्षेत्रक मुख्यालय अल्मोड़ा तथा 11वीं वाहिनी एसएसबी डीडीहाट, 55वीं वाहिनी एसएसबी पिथौरागढ़ व 5वीं वाहिनी एसएसबी चंपावत के कुल 33 बलकर्मियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कार्यक्षेत्र में आने वाले गाँव के बेरोजगार लोगों को प्रशिक्षण देंगे जिससे लोग अपना स्वरोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर मनोज सनवाल द्वितीय कमान अधिकारी, सुरेश पाल सहायक कमांडेंट व प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके बलकर्मी उपस्थित रहे।

## सोमवार को सूरज-बादलों की रही आंख मिचौली

अल्मोड़ा। रविवार तक साफ़ रहे मौसम के बाद सोमवार को बादल लगने से मौसम ठंडा रहा। सोमवार को सूरज बादलों की आँख मिचौली के चलते पिछले हफ्ते से साफ़ रहे मौसम के बाद तापमान में कमी आई। वैसे नगर में फरवरी में ही तापमान में वृद्धि होने लगी है लेकिन सोमवार को धूप कम रही। वहीं रविवार को अवकाश के दिन लोगों ने चटख धूप का आनंद लिया। हालांकि सुबह के समय अब भी निचले क्षेत्रों में कोहरा छा रहा है। शाम को शीतलहर की दिक्कत मौजूद है।

## 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले मतदेय स्थलों के मतदाताओं को दिलाई जाएगी मतदान की शपथ

अल्मोड़ा। जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड देहरादून के निर्देशों के क्रम में लोक सभा सामान्य निर्वाचन हेतु प्रत्येक मतदेय स्थल पर 75 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक मतदेय स्थल पर लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2019 में 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले मतदेय स्थलों के शत-प्रतिशत मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई जानी है। उन्होंने बताया कि कार्य की सुगमता एवं समयबद्धता के दृष्टिगत एक शपथ-पत्र में एक परिवार के सभी पंजीकृत मतदाताओं को एक साथ मतदान की शपथ दिलाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि शपथ-पत्र के तलांश में निर्धारित तालिका में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या मतदेय स्थल की संख्या तथा निर्वाचक नामावली के अनुसार मतदाता/मतदाताओं का निर्वाचक नामावली संख्यांक अंकित करते हुए तद्नुसार शपथ-कर्ता के हस्ताक्षर भी शपथ-पत्र पर प्राप्त करने अनिवार्य होंगे। उन्होंने बताया कि शत-प्रतिशत मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाए जाने के साथ-साथ लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2019 में 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले मतदेय स्थलों पर सभी बिंदुओं को चिन्हित करने तथा लोक सभा के आगामी सामान्य निर्वाचन में इन मतदेय स्थलों पर 75 प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक मतदेय स्थल पर बूथ अवेयरनेस ग्रुप के गठन के साथ-साथ इन्हें तत्काल सक्रिय करना अनिवार्य हो गया है।

## हल्द्वानी घटना और अंकिता हत्याकांड पहाडिय़ों के लिए सबब: पहाड़ी आर्मी संगठन

अल्मोड़ा। पहाड़ी आर्मी संगठन के संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत ने कहा हल्द्वानी बनभूलपुरा की घटना ने और अंकिता हत्याकांड ने देवभूमि को कलंकित किया है। इन दोनों घटनाओं ने पहाडियों को सचेत करते हुए आँखें खोल दी हैं। जिस तरह से घटना का परिदृश्य दिख रहा है, इससे प्रतीत हो रहा है प्लानिंग के तहत घटना को अंजाम दिया गया है। हरीश रावत ने कहा पूरे देश में उत्तराखंड ही एक ऐसा प्रदेश है जिसकी डेमोग्राफी अन्य राज्यों की अपेक्षा कई गुना तेजी से बदल रही है। उन्होंने बताया कि एक रिपोर्ट के आधार पर उत्तराखंड में पिछले 23 वर्षों में 40 लाख से अधिक बाहरी लोग आ गए हैं। बाहरी लोग उत्तराखंड के मूल निवासियों के रोजगार पर डाका डाल चुके हैं। क्योंकि प्रदेश में मूल निवास प्रमाण पत्र की व्यवस्था खत्म कर स्थाई निवास की व्यवस्था लागू है। किस कारण राज्य सरकार की नौकरी तो छोड़ो अब पहाड़ी मूल का युवा फ़ौज में तक भर्ती नहीं हो पा रहा है।

## अल्मोड़ा के उमेश जोशी बने भारतीय मजदूर संघ उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष

अल्मोड़ा। रुद्रपुर में भारतीय मजदूर संघ का त्रिवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन संपन्न हुआ। निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष ऋषिपाल सिंह ने दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन सत्र में वर्तमान कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की। उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री अनुपम ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से परामर्श कर सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी की घोषणा की।

नवीन कार्यकारिणी में प्रदेश महामंत्री का दायित्व हरिद्वार के सुमित सिंघल को तथा अल्मोड़ा जनपद के उमेश जोशी को भारतीय मजदूर संघ उत्तराखंड राज्य की बागडोर सौंपते हुए प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व दिया गया। विदित हो कि सोमेश्वर अल्मोड़ा के रहने वाले उमेश जोशी पूर्व में वर्ष 2014 से 2018 तक संघ में जिला महामंत्री, 2018 से 2020 तक जिला अध्यक्ष, 2020 से 2024 तक प्रदेश मंत्री आदि दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं तथा वर्तमान में उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ के कुमाऊं क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष का भी दायित्व संभाले हुए हैं। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष उमेश जोशी ने कहा कि मजदूर हितों से कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा, तथा प्रदेश में सरकारी विभागों ठेका प्रथा, निजीकरण व प्रदेश के औद्योगिक आस्थानों में श्रमिकों के शोषण का विरोध जारी रहेगा तथा पर्वतीय ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि श्रमिकों के हितों के संरक्षण की मांग राज्य सरकार से की जाएगी, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को एक बैनर तले लाकर उनकी समस्याओं के समाधान के प्रयास किए जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### तांबे का तार चुराने वाला गिरफ्तार

रुडक़ी। दाबकी निवासी विकास ने खेत में नलकूप चलाने के लिए बिजली का कनेक्शन ले रखा है। बीती रात किसी ने नलकूप के कमरे का ताला तोड़ा, और भीतर रखे मोटर को खोलकर उसमें से तांबे का तार चुरा लिया था। उसने इसका मुकदमा दर्ज कराया था। बीती रात दरोगा हरीश गैरोला तथा सिपाही मंदीप नेगी व अरविंद कुमार ने आरोपी अजय पुत्र विजय निवासी केशव बस्ती थाना डोईवाला देहरादून को चोरी के तार के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाने का संकल्प

रुडक़ी। युवा सेवा संघ, श्री योग वेदांत सेवा समिति और महिला उत्थान मंडल रुडक़ी शाखा की ओर से अशोक नगर में आयोजित कार्यक्रम में निवर्तमान मेयर गौरव गोयल अतिथि के रूप में पहुंचे। इस दौरान 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया। गौरव गोयल ने कहा कि पूज्य बापूजी का जीवन, उपदेश और योग लीलाओं पर आधारित है। इसमें उनका दर्शन तथा सत्संग की महिमा अवर्णनीय है। कितना भी दुखी, निराश और हताश व्यक्ति क्यों ना हो सत्संग की शीतल फुहार पड़ते ही उसके दुख दूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों द्वारा अपने माता-पिता के पूजन जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से ही 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे जैसी पाश्चात्य संस्कृति को समाप्त किया जा सकता है।

### कार की टक्कर से युवक घायल

रुडक़ी। कार की चपेट में आकर बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम नियामतपुर निवासी भगत सिंह सोमवार को अपनी बाइक से झबरेड़ा कुछ सामान लेने आया था। बाजार से घर लौटते समय बस अड्डा चौराहे के पास कार से टकरा गया और घायल हो गया।

### शांतिभंग में दो को भेजा जेल

रुडक़ी। हाल्लुमाजरा गांव में दो युवक रंजिश के चलते आपस में मारपीट कर रहे थे। पुलिस ने आपस में आरोपी मोनू कुमार और रामकुमार को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी सूर्य भूषण नेगी ने बताया कि दोनों के खिलाफ शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई की गई।

### शराब के साथ युवक गिरफ्तार

रुडक़ी। पुलिस ने अवैध रूप से शराब ले जा रहे एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। पुलिस के अनुसार भगवानपुर पुलिस क्षेत्र में गश्त अभियान चला रही थी। खेड़ी शिकोहपुर गांव के समीप एक युवक संदिग्ध सामान ले जाते हुए दिखाई दिया। उसे पुलिस ने रुकने को कहा कि युवक सामान छोडक़र भागने लगा। पुलिस ने युवक को पकडक़र तलाशी ली तो उसके पास से अवैध शराब के 54 पौव्वे बरामद हुए।

### बैंक कर्जे से छुटकारा पाने के लिए की अपनी पत्नी की हत्या

रुडक़ी। पति ने बैंक के लोन से छुटकारा पाने को ऐसी शातिराना चाल चली कि पुलिस भी दंग रह गई। पति ने नौकर की मदद से अपनी पत्नी का मर्डर कर दिया। हत्या करने के बाद बाद हत्यारोपी पति मौके से फरार हो गया था। लेकिन, पुलिस ने जांच के बाद हत्यारेपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मेरठ निवासी एक व्यक्ति ने 44 लाख के बैंक कर्जे से छुटकारा पाने के लिए अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने रविवार को रुडक़ी कोतवाली में मामले का खुलासा किया। हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने लापता मनीषा का शव अभी तक बरामद नहीं किया है। मनीषा की टोपी, पि_ बैग, बाइक, हेलमेट और कार बरामद की है। पुलिस कप्तान ने बताया कि मनीषा के नाम पर 44 लाख रुपये का बैंक लोन था। मनीषा का पति अतेंद्र पुत्र सत्य प्रकाश निवासी गांव झडक़ा थाना हस्तिनापुर जिला मेरठ हरिद्वार ज्वालापुर में आटा चक्की का काम करता है। अतेंद्र ने चक्की लगाने के लिए लोन पत्नी के नाम पर लिया था। इस बीच अतेंद्र का बैंक की एक महिला कर्मी के साथ अच्छे संबंध बन गए। मनीषा को जब इसका पता चला तो क्लेश होने लगा। इस बीच अतेंद्र को पता चला कि यदि मनीषा की मौत हो जाती है तो बैंक की ओर से लोन माफ कर दिया जाएगा। जिसके बाद अतेंद्र ने अपनी पत्नी मनीषा की हत्या करने की योजना बनाई। और पत्नी को नशा देने लगा। पुलिस ने बताया कि आरोपी अतेंद्र ने बताया कि उसने मनीषा को घटना के दिन धोखे से नशा कराया और कार से हरिद्वार लेकर आया।